बदहाली ▶ बजबजाती गंदगी और झाड़ियों से मलेरिया और सर्पदंश का खतरा

# वार्ड 12 में सफाई के नाम पर लाखों का खेल



**कोतमा नवभारत 21 जुलाई।** कोतमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12, गोविंदा क्षेत्र में साफ-सफाई की बदहाल व्यवस्था ने स्थानीय निवासियों का जीना दूभर कर दिया है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा गोविंदा कॉलोनी की स्वच्छता के लिए लाखों रुपये का ठेका तो स्वीकृत किया गया है, लेकिन धरातल पर सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त नजर आ रही है। आलम यह है कि पूरी कॉलोनी में चारों तरफ घनी झाड़ियां उगी हुई हैं और गंदगी का अंबार लगा हुआ है।

### सर्पदंश का खौफ, घरों में घुस रहे विषैले सांप

कॉलोनी में पसरी बड़ी-बड़ी झाड़ियां अब जहरीले जीवों का बसेरा बन चुकी हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इन्हीं झाड़ियों से निकलकर काले नाग और अन्य विषैले सर्प लगातार लोगों के घरों में प्रवेश कर रहे हैं, जिससे हर वक्त सर्पदंश की आशंका बनी रहती है। लोग रात-दिन भय के साये में जीने को मजबूर हैं।

### ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग

लाखों रुपये के ठेके के बावजूद सफाई ठेकेदार अपनी जेबें भरने में मस्त हैं और संबंधित विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। यदि जल्द ही झाड़ियों की कटाई और गंदगी की सफाई नहीं कराई गई, तो क्षेत्रवासी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और उच्च अधिकारियों से मांग की है कि लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और तत्काल प्रभाव से पूरे वार्ड में वृहद सफाई अभियान चलाकर छिड़काव कराया जाए।

### स्वास्थ्य विभाग ने वार्ड 12 को घोषित किया 'मलेरिया ग्रसित'

विभागीय उदासीनता और सफाई ठेकेदारों की घोर लापरवाही का खामियाजा अब लोगों के स्वास्थ्य को भुगतना पड़ रहा है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, इस वार्ड को मलेरिया ग्रसित वार्ड घोषित किया जा चुका है। नालियों में बज-बजाते पानी और जगह-जगह जमे कचरे के कारण मच्छर तेजी से पनप रहे हैं, जिससे डेंगु, मलेरिया और अन्य गंभीर संक्रामक बीमारियां फैलने का खतरा काफी बढ़ गया है।



# आंगनबाड़ी केंद्रों में दिया बाल सुरक्षा का संदेश

▶ सुमिता ने बच्चों के बीच मनाई वैवाहिक वर्षगांठ

**अनूपपुर, नवभारत 21 जुलाई।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पुष्पराजगढ़ परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र लखौरा क्रमांक-1 एवं देवरा में मंगलवार को मंगल दिवस के अवसर पर बाल सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं जनजागरूकता विषयक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं, किशोरियों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बाल अधिकार, महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी।

### लैंगिक समानता पर जानकारी दी

कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी संजीता भगत, सहायक संचालक मंजूषा शर्मा, स्थानीय परिवाद समिति (एलसीसी) की अध्यक्ष सुमिता शर्मा, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी तथा महिला एवं बाल विकास परियोजना पुष्पराजगढ़ की पर्यवेक्षक कृष्णलता मरावी उपस्थित रहीं। मिशन वात्सल्य के तहत बाल अधिकारों की सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बाल विवाह की रोकथाम, बाल स्वास्थ्य, पोषण एवं लैंगिक समानता पर जानकारी दी।

## एक नजर में



### स्कूली वाहनों पर 1.32 लाख से अधिक का जुर्माना

**अनूपपुर, नवभारत।** यातायात पुलिस ने स्कूली वाहनों के विरुद्ध विशेष सघन जांच अभियान ऑपरेशन सेफ्टी चलाया। अभियान के दौरान सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की गई, जिससे नियमों की अनदेखी करने वालों में हड़कंप मच गया। यातायात पुलिस द्वारा महज दो दिनों में कुल 47 चालान बनाकर 1,32,600 का शमन शुल्क वसूला गया। पुलिस के अनुसार 20 जुलाई को 17 चालानों के माध्यम से 66,000 तथा 21 जुलाई की दोपहर तक 30 चालानों पर 66,600 का जुर्माना लगाया गया। जांच के दौरान 9 नाबालिग चालक वाहन चलाते पाए गए। इसके अलावा 13 मामलों में परमिट की शर्तों का उल्लंघन, 2 वाहन बिना फिटनेस प्रमाणपत्र, 1 चालक बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस तथा 1 वाहन बिना बीमा संचालित पाया गया। सभी मामलों में नियमानुसार चालानी एवं वैधानिक कार्रवाई की गई।


### प्रदेश में नवमीं बार अव्वल आया ननि जबलपुर

**नवभारत, जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार की अगुवाई में सक्रियता से कार्य कर रही उनकी टीम की मेहनत एवं मॉनिटरिंग रंग लाई है। सी.एम. हैल्पलाइन के माध्यम से नगर निगम को प्राप्त अधिकांश शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर नगर निगम ने वेटेज स्कोर के आधार पर 98.86 प्रतिशत प्राप्त कर प्रदेश में लगातार नवमीं बार अव्वल स्थान हासिल करने का कीर्तिमान स्थापित किया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा कुल 3 हजार 8 सौ 01 शिकायतों में से लगभग 59.16 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण शिकायतकर्ताओं से चर्चा कर किया गया।

# लोकतंत्र की रक्षा के लिए यातनाएं भी स्वीकार थीं

▶ लोकतंत्र सेनानी मूलचंद अग्रवाल ने सुनाई आपातकाल की संघर्षगाथा

**अनूपपुर, नवभारत 21 जुलाई।** आपातकाल (1975-77) के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वाले अनूपपुर के लोकतंत्र सेनानी मूलचंद अग्रवाल ने अपने संस्मरणों में उस दौर की पीड़ा, संघर्ष और साहस का मार्मिक वर्णन किया है। उन्होंने बताया कि 6 फरवरी 1976 को आपातकाल विरोधी साइक्लोस्टाइल पर्चे छापने एवं वितरित करने के आरोप में उन्हें डीआईआर की धारा 48 के तहत गिरफ्तार कर शहडोल जिला जेल भेजा गया।



उन्होंने बताया कि 7 मई 1976 को न्यायालय से रिहाई का आदेश मिलने के बावजूद जेल के बाहर ही दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया और पुनः विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। 25 मई 1976 को उन्हें अंतिम रूप से रिहा किया गया।

### कैदियों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जाता था

मूलचंद अग्रवाल ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद उन्हें अनूपपुर, शहडोल तथा जबलपुर में पुलिस एवं सीबीआई अधिकारियों द्वारा लगातार पूछताछ का सामना करना पड़ा। उनसे आपातकाल विरोधी पर्चों के स्रोत और सहयोगियों के बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने किसी भी प्रकार का दबाव स्वीकार नहीं किया।

# जिले में लगेंगे 4 लाख से अधिक पौधे, आज से अमृत हरित महाअभियान

**अनूपपुर, नवभारत 21 जुलाई।** जिले को हरित और पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और वन विभाग द्वारा 22 जुलाई से अमृत हरित महाअभियान एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की जा रही है।


तीन दिवसीय इस विशेष अभियान के तहत जिले की 10 नगरीय निकायों में 1 लाख 14 हजार 967 पौधे लगाए जाएंगे, जबकि वन विभाग द्वारा 3 लाख से अधिक पौधों का अलग से रोपण किया जाएगा। इस तरह जिले में कुल 4 लाख से अधिक पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बताया कि अभियान का शुभारंभ 22 जुलाई से होगा।



### बिजुरी में सबसे अधिक 20,080 पौधे लगाए जाएंगे

पहले दिन अमरकंटक, जैतहरी, डोला, डूमरकछार और बरगवां में पौधरोपण किया जाएगा। 23 जुलाई को अनूपपुर, पसान, बिजुरी और बनगवां में वृक्षारोपण होगा, जबकि 24 जुलाई को कोतमा में अभियान का समापन किया जाएगा। निकायवार निर्धारित लक्ष्य के अनुसार बिजुरी में सबसे अधिक 20,080 पौधे लगाए जाएंगे।

# महिला कर्मचारी को गलत तरीके से अनुपस्थित दर्शाया



▶ जनसुनवाई में कलेक्टर ने दिए आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिलेभर से प्राप्त 42 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को समय पर राहत मिल सके। जनसुनवाई में सबसे प्रमुख शिकायत जिला चिकित्सालय में कार्यरत एक महिला कर्मचारी की रही।

### ओवरराइट कर अनुपस्थित किया जा रहा

पिछले 14 वर्षों से कलेक्टर दर पर कार्यरत और वर्तमान में एमटीएस के रूप में सेवाएं दे रही महिला ने आरोप लगाया कि उसकी उपस्थिति पंजी में दर्ज प्रेजेंट को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा ओवरराइट कर अनुपस्थित किया जा रहा है। उसके अनुसार, बीते 21 दिनों से उसकी उपस्थिति को गलत तरीके से अनुपस्थित दर्शाया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### मृतक सहायता राशि की मांग

जनसुनवाई में दूसरी महत्वपूर्ण शिकायत ग्राम धनगवां निवासी सावित्री देवी राठौर की रही। उन्होंने बताया कि उनके पति पुरुषोत्तम राठौर का 11 दिसंबर 2023 को निधन हो गया था। मृतक सहायता राशि प्राप्त करने के लिए उन्होंने संबल कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता सहित सभी आवश्यक दस्तावेज ग्राम पंचायत धनगवां के सरपंच को जमा कर दिए थे। महिला का आरोप है कि पहले राशि मिलने का आश्वासन दिया गया, बाद में मना कर दिया गया।

# जरूरतमंदों की सेवा और समस्याओं का होगा जल्द समाधान : करसोलिया

**नवभारत, जबलपुर।** जरूरतमंदों की सेवा के लिए हम हमेशा खड़े रहेंगे, कोशिश रहेगी कि पीड़ितों की समस्याओं का समाधान भी जल्द हो सके, ये बातें रोटरी क्लब जबलपुर प्रीमियर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामेन्द्र करसोलिया ने कहीं। मौका था रोटरी क्लब जबलपुर प्रीमियर के छठे स्थापना दिवस एवं शपथ ग्रहण समारोह का। इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामेन्द्र करसोलिया को अध्यक्षीय पद के लिए पूर्व अध्यक्ष आशुतोष प्यासी द्वारा बेल प्रदान कर पद ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद सदस्य और विशिष्ट अतिथि के रूप



में पूर्व प्रेसीडेंट आशुतोष प्यासी, सेक्रेटरी मोहसिन अंसारी और हरजस छाबड़ा उपस्थित रहे। इस समारोह का आभार प्रदर्शन डॉ. योगेश मोहन दुबे ने किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्ष अमरेन्द्र पाण्डेय, सार्थक सेठी, आशीष शुक्ला, मनोज तिवारी, भावेश दुआ, डॉ. एल. के. पटेल, डॉ. शैलेष गुप्ता और डॉ. समीर वैद्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# 105 छात्राओं ने ली नशामुक्ति की शपथ

▶ छात्रावास चोरभट्ठी में चला नशा मुक्ति अभियान

**अनूपपुर, नवभारत 21 जुलाई।** भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित नशा मुक्ति भारत अभियान के अंतर्गत शनिवार को विकासखंड जैतहरी स्थित कस्तूरबा गांधी छात्रावास चोरभट्टी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में 105 छात्राओं सहित उपस्थित लोगों ने नशामुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लेते हुए नशामुक्ति की शपथ ली।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी जैतहरी गोकुलानंद पांडे का स्वागत छात्रावास की वार्डन लीलावती राठौर ने पुष्पगुच्छ भेंटकर किया।

इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग जैतहरी स्टेट रेफरी, नेशनल वॉलीबॉल ट्रेनर एवं नशा मुक्ति भारत अभियान के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर दिनेश कुमार सिंह चंदेल तथा आरक्षक मनीष सिंह तोमर का स्वागत किया गया।

### राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनीं देवकी पटेल

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर की छात्र नेत्री और एनएसयूआई की राष्ट्रीय सचिव देवकी पटेल को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग की महिला विंग की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य नियुक्त किया गया है। अपनी इस नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए देवकी पटेल ने कहा कि एआईसीसी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल जयहिंद, सचिव जितेंद्र बघेल और सचिव सुभाषिनी यादव द्वारा उन पर जताया गया भरोसा उनके लिए गौरव की बात है। देवकी ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा सामाजिक न्याय और समावेशी राजनीति का समर्थन किया है।



# बालिका के स्वास्थ्य और शिक्षा का लिया जायजा

▶ पीएम केयर्स योजना से लाभान्वित से अधिकारियों ने की भेंट

**अनूपपुर, नवभारत 21 जुलाई।** जिले में पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना से लाभान्वित एकमात्र बालिका के घर मंगलवार को महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने गृहभेंट कर उसके स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण एवं समग्र विकास की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने बालिका और उसके परिजनों से संवाद कर आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में आयोजित इस गृहभेंट के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी संजीता भगत, सहायक संचालक मंजूषा शर्मा, स्थानीय परिवाद समिति की अध्यक्ष सुमिता शर्मा, विधि सह परिवीक्षा अधिकारी अशोक कुमार त्रिपाठी तथा महिला एवं बाल विकास परियोजना पुष्पराजगढ़ की पर्यवेक्षक कृष्णलता मरावी उपस्थित रहीं।

### कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया

अधिकारियों ने बालिका के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और दैनिक आवश्यकताओं की जानकारी लेते हुए शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। साथ ही नियमित शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना का उद्देश्य कोविड-19 के कारण माता-पिता या अभिभावकों को खो चुके बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है।

मनोनयन ▶ मप्र शासन ने 6 पार्षदों को किया मनोनीत, नगर विकास को मिलेगी गति

# पसान नगर परिषद को मिले नए जनप्रतिनिधि

**पसान नवभारत 21 जुलाई।** मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद पसान में छह पार्षदों का मनोनयन किया गया है। शासन के इस निर्णय के बाद नगर परिषद में जनप्रतिनिधित्व और अधिक सशक्त होगा तथा नगर के विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार नगर पालिका परिषद पसान में अनुमय सिंह (वार्ड 9), जनमेजय दुबे (वार्ड 17), दिलीप झा (वार्ड 2), अजय द्विवेदी (वार्ड 18), यादवेंद्र सिंह (वार्ड 3) एवं



उदय प्रताप सिंह (वार्ड 1) को पार्षद के रूप में मनोनीत किया गया है।

### त्वरित समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता

नवनियुक्त पार्षदों ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निर्वहन करेंगे। नगर में स्वच्छता, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा अन्य मूलभूत नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए परिषद और प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

### नए पार्षद विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे

मप्र शासन के इस मनोनयन के बाद नगर पालिका परिषद पसान में विकास कार्यों को और गति मिलने की संभावना व्यक्त की जा रही है। नागरिकों का मानना है कि नए पार्षद जन अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए नगर के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### नगर हित में एक सकारात्मक कदम

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद पसान के उपाध्यक्ष अजय ताराचंद यादव ने सभी नवनियुक्त पार्षदों को हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा योग्य एवं सक्रिय जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपना नगर हित में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी मनोनीत पार्षद मिलकर नगर के विकास, जनसेवा और नागरिक सुविधाओं के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।